प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 10.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

……………………

राज्यपाल हरी भाऊ बागड़े आज भरतपुर के दौरे पर रहंगे। वे वहां महात्मा गांधी पशु चिकित्सालय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिला बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद राज्यपाल, मिनी सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

……………………

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया है। यह सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान 20 बैठकें होंगी। सत्र के दौरान वर्ष 2025–26 के लिए अनुदान मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक पर चर्चा और मतदान होगा। साथ ही कई अहम विधेयक पेश किये जायेंगे।

0000

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर आज से गेंहू की खरीद शुरू हो गई है। 30 जून तक चलने वाली इस खरीद प्रकिया में सरकार ने प्रति क्विंटल 2 हजार 425 रुपए समर्थन मूल्य तय किया है। सरकार की ओर से खरीद पर 150 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। किसानों को उपज का भुगतान 48 घंटों के भीतर सीधे बैंक खातों में कर दिया जायेगा। रसद विभाग ने सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया है।

……………………

जयपुर के जोबनेर स्थित श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय राज्य स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में उन्नत कृषि तकनीकों और नवाचारों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इसमें किसानों को नवीनतम कृषि तकनीको की जानकारी दी जायेगी। मेले के दौरान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और शोधार्थी विशेष तकनीकी सत्रों में किसानों से संवाद करेंगे, जहां उन्नत बीज उत्पादन, फसल रोगों के निदान और आधुनिक खेती के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा होगी। किसानों को शोध फार्म का दौरा भी कराया जाएगा, इससे वे कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे अनुसंधानों को समझ सकेंगे।

उधर हनुमानगढ़ में चल रहे कृषि महोत्सव का आज समापन हो रहा है। तीन दिन तक चले इस महोत्सव में किसानों के लिए नवाचार, कृषक– वैज्ञानिक संवाद और ज्ञानवर्धन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये खेती संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इससे पहले कल जिला कलेक्टर काना राम ने मेले में विभिन्न स्टार्टअप द्वारा लगाई गई 300 स्टॉल्स, पशु सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए आए पशुओं, फार्मर हट और राजीविका की स्टॉल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्टार्टअप द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली।

……………………

सीकर के खाटू श्याम जी का मुख्य मेला आज भर रहा है। खाटू में चल रहे लक्खी मेले का यह 11वां दिन है। इसमें देशभर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। कल से ही खाटू श्यामजी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों का तांता लगा हुआ है। इसके मद्देनजर प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इधर डीग में ब्रज होली महोत्सव की धूम मची हुई है। श्री राधाबल्लभ जी मंदिर में दूध, दही और लड्डू होली खेली जा रही है। दोपहर बाद गोपीनाथ जी मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें ब्रज की प्रसिद्ध लट्ठमार होली के साथ राधा–कृष्ण की मनोहर झांकियां निकाली जाएंगी। शाम को विमल कुंड पर लाखों दीपक जला के महाआरती और दीपोत्सव मनाया जाएगा।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित किए जा रहे सहायक आचार्य राजनीति विज्ञान के चौथे चरण के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार आज से शुरू हो रहे है। ये साक्षात्कार 21 मार्च तक चलेंगे। आयोग ने लिखित परीक्षा का परिणाम पिछले साल नौ दिसंबर को जारी किया था। कुल 1501 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए अस्थायी रूप से चयनित किया गया था। आयोग द्वारा सहायक आचार्य राजनीति विज्ञान के 181 पदों पर भर्ती के लिए यह प्रक्रिया जारी है।

……………………

राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई हिस्सों में दिन और रात के तापमान में बढोतरी देखी जा रही है। राज्य में सबसे ज्यादा 39 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज किया गया। चित्तौडगढ, धौलपुर और पिलानी में 37 दशमलव 7 डिग्री, जैसलमेर में 37 दशमलव 4, जोधपुर में 37 दशमलव 2, डूंगरपुर में 37 और जयपुर में 33 दशमलव 3 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इधर मौसम विभाग के अनुसार धुलंडी पर हल्की बारिश के आसार है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में आगामी 3–4 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 13 से 15 मार्च के दौरान एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आंशिक बादल छाए रहने और उत्तर–पश्चिम राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की बूंदाबांदी होने तथा शेष भागों में मौसम शुष्क रहने के आसार है। उन्होंने बताया कि आगामी 48 घंटो में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है।

………………………